नीतिगत निर्णय के लिए समिति का गठन

मुख्यमंत्री डॉ .यादव ने शहर के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की बैठक ली

नवभारत न्यूज

भोपाल 2 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने शहर के जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों की बैठक ली. बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के भोपाल शहर में निर्मित भवनों के अधिभोग उल्लंघन संबंधी आदेशों के पालन में प्रक्रिया और नीतिगत निर्णय के लिए समिति का गठन किया गया.

राज्य शासन द्वारा समिति के सुझाव पर निर्धारित प्रक्रिया से सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन किया जाएगा. फिलहाल नगर निगम द्वारा कोई कठोर कार्यवाही नहीं की जाएगी. समिति के अध्यक्ष अपर मुख्य सचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग होंगे. सदस्यों में सचिव, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग, सचिव श्रम विभाग, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास,महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक, सचिव मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल, उप सचिव पर्यावरण विभाग, आयुक्त नगर तथा ग्राम प्रवेश हैं.कलेक्टर और आयुक्त नगर निगम विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे.बैठक में मंत्री विश्वास सारंग , कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा एवं भगवान दास सबनानी उपस्थित थे. साथ ही मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल , अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई , आयुक्त नगरीय प्रशासन संकेत भोंडवे, आयुक्त नगर तथा ग्राम निवेश कौशलेन्द्र सिंह, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, आयुक्त नगर निगम संस्कृति जैन आदि भी उपस्थित थे.

> इस समिति द्वारा न्यायालय के आदेशों के पालन के लिए सभी पहलुओं पर अध्ययन कर शासन को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा. इस प्रतिवेदन पर शासन विचार के बाद प्रक्रिया निर्धारित कर सकेगा, जिसके अनुसार नगर निगम द्वारा पालन करवाया जाएगा .तब तक नगर निगम भोपाल कोई सख्त कार्यवाही नहीं करेगा, यह भी आज जनप्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में निर्णय लिया गया है .

ब्रिक्स संस्कृति सम्मेलन 5 से

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 2 अगस्त. झीलों की नगरी भोपाल में 5 से 8 अगस्त तक अंतरराष्ट्रीय स्तर के ब्रिक्स संस्कृति सम्मेलन और ब्रिक्स कल्चरल फेस्टिवल का आयोजन होने जा रहा है. 4 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में ब्रिक्स सदस्य देशों के संस्कृति मंत्री, अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध कलाकार शिरकत करेंगे.

सम्मेलन में मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन और उत्कृष्ट आतिथ्य क्षमता को वैश्विक पटल पर प्रदर्शित किया जायेगा. सम्मेलन की शुरुआत 5 अगस्त को मिंटो हॉल में ब्रिक्स देशों की तकनीकी समितियों की महत्वपूर्ण चर्चाओं के साथ होगी. पहले दिन शाम को प्रतिनिधिमंडल इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय का दौरा करेगा. अगले दिन 6 अगस्त को तकनीकी विचार विमर्श के बाद रवींद्र भवन में ब्रिक्स कल्चरल फेस्टिवल का आयोजन होगा, जहां सदस्य देशों के कलाकार अपनी पारंपरिक लोक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे.

विश्व प्रसिद्ध कलाकार देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुति

रवींद्र भवन में सजेगी सांस्कृतिक संध्या

7 अगस्त को ब्रिक्स देशों के संस्कृति मंत्रियों का भोपाल आगमन होगा . इस दौरान विदेशी मेहमान भोपाल के जनजातीय संग्रहालय, राज्य संग्रहालय और वन विहार का भ्रमण करेंगे . इसी दिन शाम 5 से 7 बजे तक रवींद्र भवन में मुख्य ब्रिक्स कल्चरल फेस्टिवल और भव्य कल्चरल शो का आयोजन किया जाएगा . आयोजन के अंतिम दिन 8 अगस्त को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में संस्कृति मंत्रियों की मुख्य सत्र की अध्यक्षता और संवाद कार्यक्रम होगा . इसके बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल विश्व प्रसिद्ध सांची स्तूप के ऐतिहासिक वैभव को देखने रवाना होगा .

पूर्व विधायक राजेंद्र भारती निलंबित

भोपाल. कांग्रेस ने दतिया से पूर्व विधायक राजेंद्र भारती को आज रात पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया. इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अनुमति के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं. इस बीच सूत्रों ने बताया कि दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह की कथित शिकायत के बाद राजेंद्र भारती के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है. शिकायत में भारती पर भितरघात के आरोप लगे हैं. दतिया उपचुनाव के नतीजे सोमवार 3 अगस्त को आ जाएंगे. इस उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह का मुख्य मुकाबला भाजपा के प्रत्याशी आशुतोष तिवारी से है.

सांदीपनि स्कूल भवन का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने बैरसिया में किया रोड शो

नवभारत न्यूज

बैरसिया, 2 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने रविवार को बैरसिया में 50 करोड़ 74 लाख की लागत से बने शासकीय सांदीपनि ठाकुर लाल सिह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण किया.

इसके पहले मुख्यमंत्री ने विधायक विष्णु खत्री के साथ बस स्टैंड चौराहे से सांदीपनि स्कूल तक खुले वाहन में रोड शो किया. इस दौरान 50 से अधिक सामाजिक, धार्मिक और राजनैतिक संगठनों ने मंच लगाकर मुख्यमंत्री का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य विद्यालयों का निर्माण करना नहीं बल्कि बच्चों को बेहतर सुविधाएं, आधुनिक शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के अवसर प्रदान कराना है.आगे उन्होंने वधायक की मांग पर बैरसिया - भोपाल सड़क मार्ग को फोरलेन करने की घोषणा की. कार्यक्रम में विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि यह विद्यालय आने वाली पीढ़ियों के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम बनेगा.इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुंवर नोरंग गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष मोहन सिह जाट, जनपद अध्यक्ष लता कुवेर सिह गुर्जर, नपाध्यक्ष तनुश्री कुलदीप सिह राठौड़ , कलेक्टर प्रियंक मिश्रा समेत कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि मौजूद थे.

गुरु भक्ति नृत्य नाटिका से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

नवभारत न्यूज

भोपाल, 2 अगस्त. भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलांधिका नृत्य नाट्य संस्था समिति, भोपाल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नि:शुल्क कथक कार्यशाला में कला और संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला.

संस्था की नवीन शाखा श्री परिसर कॉम्प्लेक्स, सलैया में 1 से 3 अगस्त तक आयोजित इस कार्यशाला का संचालन प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना एवं गुरु डॉ. राखी दुबे जोशी द्वारा किया जा रहा है. कार्यशाला का मुख्य विषय ठुमरी का भाव-सौंदर्य रखा गया है, जिसमें प्रतिभागियों को कथक में ठुमरी की प्रस्तुति, भाव, रस, अभिनय, संगीत और अभिव्यक्ति की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है. दूसरे दिन गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित भावपूर्ण नृत्य नाटिका 'गुरु भक्ति' का मंचन किया गया.इस प्रस्तुति का निर्देशन सुरोमिता सिंह और सह निर्देशन प्रियल बनके ने किया. संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की गुरु शिष्य परंपरा योजना के अंतर्गत प्रस्तुत इस नृत्य नाटिका में गुरु के महत्व, ज्ञान, संस्कार और समर्पण की भावना को कथक की प्रभावशाली अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत किया गया.नृत्य नाटिका में शाम्भवी मिश्रा, अंशिका गुप्ता, प्राची शर्मा, अंशिका व्यास, नंदिनी दुबे, संस्कृति, शैवी तिवारी, आराधिका मिश्रा, कनिका सावले, वंशिका सावले, शुभी, सान्विका, कला राज एवं शिवन्या ने शानदार प्रस्तुति दी.

कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया.डॉ. राखी दुबे जोशी ने कहा कि कथक केवल नृत्य नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और गुरु-शिष्य परंपरा की जीवंत अभिव्यक्ति है. उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं प्रतिभागियों को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ सांस्कृतिक मूल्यों से भी जोड़ती हैं.

जनजातीय संग्रहालय में करमा-सैला और काठी नृत्य

निज संवाददाता

भोपाल, 2 अगस्त. श्यामला हिल्स स्थित मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में रविवार को आयोजित 'संभावना' गतिविधि में बालाघाट के साधुराम धुर्वे और उनके साथियों ने बैगा समाज का करमा-सैला नृत्य पेश किया, जबकि हरदा के कलाकारों ने काठी नृत्य की प्रस्तुति दी.

आयोजकों के अनुसार करमा-सैला नृत्य बैगा समुदाय की पहचान माना जाता है, जिसमें पुरुष वाद्य बजाते हैं और महिलाएं घेरा बनाकर गीत गाते हुए नृत्य करती हैं. इस प्रस्तुति में पारंपरिक वाद्य और लय के साथ सामूहिक सहभागिता देखने को मिली. वहीं काठी नृत्य में निमाड़ अंचल की धार्मिक परंपरा और देवी पूजन की झलक दिखाई दी.कलाकारों के विशेष वेशभूषा और 'ढांक्य' वाद्य की धुन ने माहौल को जीवंत बना दिया.

मित्रता दिवस पर लगाए पौधे

नव भारत न्यूज

भोपाल, 2 अगस्त. मित्रता दिवस के अवसर पर मित्रता के रिश्ते को प्रकृति संरक्षण से जोड़ते हुए भोपाल के केरवा डैम के समीप पौधारोपण किया गया. इस दौरान सभी ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया.

भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के महामंत्री विवेक साहू ने कहा कि मित्रता केवल सुख-दुख में साथ खड़े रहने का नाम नहीं, बल्कि समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना भी सच्ची मित्रता है. उन्होंने कहा कि आज लगाए गए पौधे आने वाले वर्षों में न केवल हरियाली बढ़ाएंगे, बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे. पौधारोपण करने में प्रीतम साहू, राकेश साहू (छोला), दीपक साहू, राकेश साहू (अंशुल) एवं राहुल साहू सहित अन्य मित्र उपस्थित रहे. सभी ने पौधों की देखभाल और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लेते हुए मित्रता दिवस को यादगार बनाया.

तिरंगा यात्रा को लेकर हुई बैठक में बनी रणनीति

संतनगर, प्रतिनिधि

संत नगर, 2 अगस्त. आगामी 14 अगस्त को प्रस्तावित तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं. अखंड भारत स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली इस यात्रा के आयोजन को लेकर विधायक एवं कर्मश्री संस्था के अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा ने संत हिरदाराम नगर और गांधीनगर मंडल के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक लेकर विस्तृत रणनीति तय की.

बैठक में यात्रा के मार्ग, जनभागीदारी बढ़ाने, घर-घर संपर्क अभियान और आयोजन की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई. कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपते हुए अधिक से अधिक लोगों को तिरंगा यात्रा से जोड़ने की रूपरेखा तैयार की गई. विधायक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान की भावना को जन-जन तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है. बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश जुनियानी, वासुदेव वाधवानी, माखन राजपूत, चंद्र इसरानी, राहुल राजपूत, किशन अच्छानी, मनीष बागवानी, थोक वस्त्र व्यवस्था संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे.

100 शिक्षकों को बाल संरक्षण का प्रशिक्षण

भोपाल. राजधानी में स्कूलों को सुरक्षित वातावरण देने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और आवाज जनकल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें बाल संरक्षण और पॉक्सो अधिनियम विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गदिया गया. कार्यक्रम में करीब 100 शिक्षकों और नोडल शिक्षकों ने सहभागिता कर बाल संरक्षण, बाल अधिकार और पॉक्सो अधिनियम से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया. पहले दिन डॉ. अमिताभ अवस्थी, संयुक्त संचालक, मिशन वात्सल्य, महिला और बाल विकास विभाग ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विद्यालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है.

समाज को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए सबको मिलकर काम करना होगा : राज्यपाल

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 2 अगस्त. नीलबड़ स्थित ब्रह्माकुमारीज सुख शांति भवन मेडिटेशन रिट्रीट सेंटर में रविवार को '10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान' का राज्यस्तरीय शुभारंभ हुआ.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगुभाई पटेल थे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रसारित किया गया. इस दौरान उपस्थित लोगों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया. अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि नशे की समस्या का स्थायी समाधान केवल कानून या उपचार से नहीं, बल्कि जागरूकता और आत्मबल बढ़ाने से संभव है. उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर और गरीब वर्ग को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नशामुक्त भारत का लक्ष्य सामूहिक प्रयासों से ही हासिल किया जा सकता है. कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह तथा ब्रह्माकुमारी संस्थान के पदाधिकारी मौजूद रहे.

हथकरघा परिधानों की छटा बिखेरेगा 'रिवायत फैशन शो'

नवभारत न्यूज

भोपाल, 2 अगस्त. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 5 अगस्त को शाम 5 बजे 'रिवायत फैशन शो' आयोजित किया जाएगा. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन (एनआईडी) की ओर से होने वाले इस आयोजन में भारतीय हथकरघा, हस्तशिल्प और पारंपरिक परिधानों को आधुनिक डिज़ाइन के साथ प्रस्तुत किया जाएगा.

कार्यक्रम का उद्देश्य देश की वस्त्र और शिल्प परंपरा को नए अंदाज में लोगों के सामने लाना है. आयोजकों के अनुसार फैशन शो में देश के अलग-अलग हिस्सों की हस्तनिर्मित वेशभूषा और पारंपरिक शिल्प पर आधारित डिज़ाइन रैंप पर प्रदर्शित किए जाएंगे. परिधानों में पारंपरिक बुनाई, हस्तकला और समकालीन फैशन का मेल देखने को मिलेगा. इसके जरिए भारतीय शिल्पकारों के काम और देश की सांस्कृतिक विविधता को भी मंच देने का प्रयास किया जाएगा. आयोजन का उद्देश्य युवाओं को भारतीय हस्तकरघा और पारंपरिक वस्त्र संस्कृति से जोड़ना भी है.

भारतीय शिल्पकारों के काम व देश की सांस्कृतिक विविधता को मिलेगा मंच

संस्था के मुताबिक कार्यक्रम में ऐसे डिज़ाइन पेश किए जाएंगे, जिनमें पुराने शिल्प और आधुनिक फैशन का संतुलित जुड़ाव दिखाई देगा. संग्रहालय प्रशासन ने कला, संस्कृति, डिज़ाइन और फैशन में रुचि रखने वाले लोगों, विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और आम नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है. आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन भारतीय हस्तनिर्मित परिधानों की पहचान और शिल्प परंपरा को बड़े स्तर पर सामने लाने का अवसर बनेगा.

प्रशिक्षण | **अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज में हुई कार्यशाला**

अधिकारियों ने सीखी ऋण वसूली की रणनीति

सिटी रिपोर्टर

भोपाल, 2 अगस्त. अपेक्स बैंक एवं नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज, कोटरा सुल्तानाबाद में प्रदेश के 38 जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में पदस्थ कैडर सर्विसेज के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों की राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला का विषय कृषि एवं कृषि ऋणों की प्रभावी वसूली रहा.

अपेक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस वर्ष को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है. उन्होंने अधिकारियों से सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ किसानों तक पहुंचाने और सहकारी बैंकों के प्रति उनका विश्वास मजबूत करने का आह्वान किया. उन्होंने किसानों को समय पर ऋण और खाद उपलब्ध कराने तथा ऋणों की समय पर वसूली के लिए जिला स्तर पर भी कार्यशालाएं आयोजित करने की बात कही. प्राचार्य प्रेम सागर तिवारी ने स्वागत भाषण दिया. संचालन स्निग्धा शुक्ला और आभार कमल मकाश्रे ने माना.

> अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने कहा कि कृषि एवं अकृषि ऋणों की प्रभावी वसूली के लिए यह कार्यशाला उपयोगी साबित होगी. उन्होंने कहा कि कृषि ऋणों की वसूली अपेक्षाकृत समय पर हो जाती है, जबकि अकृषि ऋणों की वसूली पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है. उन्होंने अधिकारियों से योजनाबद्ध तरीके से एनपीए कम करने के प्रयास करने को कहा .कार्यशाला में विशेषज्ञों ने ऋण वसूली से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी .

न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एम . पी . नगर
(7 नम्बर बस स्टॉप शिवाजी नगर भोपाल)
प्र.क्र.- 0004 / अ - (2)/2026 -27

इश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आदिम जनजाति रोहतास गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल द्वारा पिपलिया पैंदे खा बरखेड़ा पठानी, 29 .14 हेक्टेयर भूमि का आवंटन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो कि न्यायालय के विचाराधीन है , उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 7 दिवस के अंदर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें , निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा .

आज दिनांक 31/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया .

सील

तहसीलदार
नजूल एम .पी . नगर, वृत्त भोपाल

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो .नि .वि . संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल

निविदा सूचना 12 वर्ष 2025-26 — भोपाल, दिनांक 30/07/2026

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है . उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है .

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)
1.	2026_PWDRB_525669_1	चार इमली सेक्शन क्रमांक 3 में स्थित डी- 16 से डी-30 अन्तर्गत टाइप आवासों में लघु मूल मौजा कार्य / विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य .	द्वितीय	60.00
2.	2026_PWDRB_525672_1	चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 1 के आवासों डी एवं ई टाइप में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य एवं जल आपूर्तिक का कार्य .	द्वितीय	40.00
3.	2026_PWDRB_525674_1	सर्वेक्षण एवं निर्माण उपसंभाग भोपाल के चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 2 के अंतर्गत डी-3/21 से डी-3/1 एवं डी-4/17 से डी-4/21 में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य .	प्रथम	90.00
4.	2026_PWDRB_525677_1	सर्वेक्षण एवं निर्माण उपसंभाग भोपाल के चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 2 के अंतर्गत बी टाइप में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य .	प्रथम	85.00
5.	2026_PWDRB_525678_1	सर्वेक्षण एवं निर्माण उपसंभाग भोपाल के चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 3 के अंतर्गत बी-23 से बी-12 में विभिन्न अनुरक्षण संधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य .	प्रथम	90.00
6.	2026_PWDRB_525679_1	सर्वेक्षण एवं निर्माण उपसंभाग भोपाल के चार इमली स्थित सेक्शन क्रमांक 1 के अंतर्गत बंगला क्रमांक- डी- 11/13, डीरक्स ई-/4 में एम.ओ.डब्लू. कार्य .	प्रथम	24.17

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र। टेण्डर डॉक्यूमेंट। वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त की सकेगा . निविदा प्रपत्र ऑनलाइन प्रपत्र एवं जमा करने की अंतिम तिथि 17/08/2026 जा सकता है . निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा . पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा .

कार्यपालन यंत्री
लो .नि .वि . संधारण संभाग क्रमांक 2 भोपाल

G16605/26